पंजाब केसरी 13/03/2024

शास्त्रीय संगीत की धुनों पर झूम उठा जी.एम.एन. कालेज

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आयोजित बसंतनाद शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार और लुत्फ उठाते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 12 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में हरियाणा कला परिषद एवं जी.एम.एन. कालेज के संयुक्त तत्वावधान में संगीत विभाग द्वारा बसंतनाद शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कलाकार के तौर पर प्रो. उमेश कुमार (सितार वादक), छत्तीसगढ़ से दिव्यांश ठाकुर (तबला वादक) एवं बंटी (बांसुरी वादक) ने शिरकत की।

हरियाणा कला परिषद की ओर से आए विकास शर्मा, संगीत विभाग से डा. मनजीत कौर एवं डा. चंद्रपाल पूनिया एवं तरणवीर सिंह ने सभी कलाकारों का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य कलाकार उमेश कुमार ने सितार पर दिव्यांश ने तबला तथा बंटी ने बांसुरी पर चारुकेशी राग एवं राग पहाड़ी में धुन सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर डा. मंजीत कौर ने कहा कि हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम द्वारा हमने संगीत क्षेत्र में शिक्षा और समृद्धि की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, जिससे सांस्कृतिक एकता की भावना को मजबूती मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि और समर्पण में भी वृद्धि होगी। धन्यवाद प्रस्ताव डा. चंद्रपाल पूनिया ने प्रेषित किया।

इस कार्यक्रम में संगीत विभाग के प्राध्यापकों के साथ-साथ अन्य विभाग के प्राध्यापकगण डा. नियति, डा. नेहा अग्रवाल, प्रियंका, सुषमा और नेहा आदि संगीत विभाग के विद्यार्थी मौजूद रहे।